# बड़े ही रॉयल अंदाज़ में गौरी खान के साथ दिखे शाहरुख खान




शाहरुख खान कहिए या फिर किंग खान...उनका अपना ही रौबदार अंदाज़ है, जिनके फैन्स भी दीवाने हैं। अपनी लेटेस्ट तस्वीर में कुछ इसी अंदाज में दिख रहे हैं शाहरुख, जो राजा-महाराजाओं वाली कुर्सी बैठे हैं और उनकी इस तस्वीर को और भी ज्यादा रॉयल बना रही हैं गौरी खान।

शाहरुख और गौरी की यह तस्वीर शाहरुख के फैन पेज पर शेयर की गई है। दोनों इस तस्वीर में ब्लैक आउटफिट में नजर आ रहे हैं। दरअसल शाहरुख और गौरी अपने इसी अंदाज़ में मुंबई में किसी इवेंट में पहुंचे थे। सोशल मीडिया पर नजर आ रही इस तस्वीर में दोनों के चेहरे की स्माइल साफ झलक रही है और गौरी ने शाहरुख के कंधे पर हाथ रखा हुआ है। बता दें कि दोनों फिलहाल अपनी शादीशुदा जिंदगी के 28वें पड़ाव पर हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो शाहरुख की हालिया फिल्म ज़ीरो बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। इन दिनों शाहरुख अपनी फैमिली और बच्चों को वक्त दे रहे हैं और फिलहाल उन्होंने अपनी अगली फिल्म को लेकर कोई अनाउंसमेंट नहीं किया है।

# अब वरुण धवन के साथ के जमी सारा अली खान की जोड़ी



अभिनेता वरुण धवन इन दिनों अपनी रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म कलंक के प्रमोशन और स्ट्रीट डांसर की शूटिंग में बिज़ी हैं। अभिनेत्री सारा अली खान इन दिनों कार्तिक आर्यन के साथ इम्तियाज अली की फिल्म लव आज कल 2 की शूटिंग कर रही हैं। वरुण और सारा के बिजी शेड्यूल के बीच एक बड़ी घोषणा हुई है। दोनों को एक बड़ी फिल्म के रीमेक के लिए साइन कर लिया गया है।

निर्देशक डेविड धवन साल 1995 में आई अपनी सुपरहिट फिल्म कुली नंबर 1 का रीमेक बनाने वाले हैं और इस रीमेक के लिए उन्होंने बेटे वरुण धवन के साथ सारा अली खान को फाइनल कर लिया है। फिल्म में वरुण कॉमिडी करते नजर आएंगे।

फिल्म के डायलॉग राइटर फरहाद ने एक बातचीत में कहा, वरुण जैसे मेहनती एक्टर के साथ काम करना किसी भी राइटर के लिए गर्व की बात होती है। मैंने हाल ही में उन्हें डायलॉग सुनाया और उन्होंने तुरंत रिहर्सल करने के लिए मुझसे कॉपी मांग ली। फिल्म को शुरू होने में समय है, लेकिन वह अभी से रिहर्सल करना चाहते हैं। मैं सारा के साथ दूसरी बार काम करने के लिए इच्छुक हूं। फरहाद ने इससे पहले सारा के साथ रोहित शेट्टी की सिंबा में काम किया था। केदारनाथ और सिंबा के बाद सारा अली खान दिल्ली में लव आज कल 2 की शूटिंग कर रही हैं, कार्तिक आर्यन के अलावा फिल्म में रणदीप हुड्डा अहम भूमिका में हैं। इसके बाद वह कुली नंबर 1 की शूटिंग करेंगी। अगर फिल्म की रिलीज़ पहले से तय डेट पर हुई तो यह सारा की चौथी फिल्म होगी।

इसके पहले डेविड धवन ने 1997 की फिल्म जुड़वा का भी रीमेक बनाया था, जिसमें वरुण, जैकलीन फर्नांडिस और तापसी पन्नू थे। जुड़वा से पहले वरुण अपने पापा डेविड की फिल्म मैं तेरा हीरो में भी काम कर चुके हैं। 1995 की कुली नम्बर 1 में गोविंदा और करिश्मा कपूर लीड रोल में थे। उनके अलावा फिल्म में कादर खान, शक्ति कपूर, सदाशिव अमरापुरकर भी अहम भूमिका में थे। कुली नंबर 1 से डेविड धवन के नंबर 1 सीरीज की शुरुआत हुई थी। इसके बाद उनकी हीरो नंबर 1, बीवी नंबर 1 और जोड़ी नंबर 1 भी आई थी। वरुण की आने वाली फिल्म कलंक 17 अप्रैल को रिलीज़ होगी। फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट, संजय दत्त, माधुरी दीक्षित, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर हैं।

# विकास गुप्ता के इस सीरीज के साथ टीवी पर वापसी कर रही हैं सारा खान

सपना बाबुल का विदाई में अपने मशहूर किरदार से चर्चा में आईं सारा खान एक बार फिर से सुर्खियों में हैं. सारा हमेशा से अपने शो को लेकर काफी चूज़ी हैं. उन्हें जो शो पसंद आता है वहीं करती हैं, अन्य टीवी कलाकारों की तरह आए दिनों अलग-अलग किरदारों को नहीं निभाती हैं. अपने टीवी प्रोजेक्ट्स अलावा वह लगातार खबरों में बनी हुई हैं. वह आखिरी बार वो अपना सा में नजर आई थीं. मगर अब सारा खान के फैंस के लिए खुशखबरी है. जी हां, इंडिया फोरम की रिपोर्ट के मुताबिक सारा खान अब विकास गुप्ता के नए प्रोजेक्ट ये इश्क नहीं आसान को होस्ट करती नजर आएंगी.




विकास गुप्ता जल्द ही ये इश्क़ नहीं आसान नाम से नई सीरीज शुरू करने जा रहे हैं. सीरीज में हर नए एपिसोड में यंग लाइफ पर आधारित प्रेम कहानियां होंगी. रोहित सुचांती, ईशा चावला, फहद अली और चेतना पांडे विकास के इस प्रोजेक्ट का हिस्सा होंगे. बीते दिनों सरा काफी सुर्खियों में थीं. अपने म्यूजिक वीडियो के प्रमोशन के लिए अभिनेत्री ने मुस्लिम महिलाओं के वस्त्र बुर्का के ऊपर कमेंट किया है. बता दें उनके इस कमेंट की वजह से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने उन्हें ट्रोल भी किया. सारा ने अपने कमेंट के लिए सोशल मीडिया पर उनसे माफी भी मांगी है. इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए सारा ने कहा, मेरा कहने का मतलब वो नहीं था, मेरे अल्फाज गलत थे. मेरा कहने का तरीका बिल्कुल गलत था. चीजों को जिस तरह से मैंने बोला है, और मैं कोई नहीं होती किसी भी धर्म के बारे में कुछ कहने वाली या उसके ऊपर कोई टिप्पणी करने वाली.

सारा ने कहा, मैंने जो कुछ भी कहा उसके लिए मैं माफी मांगती हूं. उन सभी मुस्लिमों से मैं माफी मांगती हूं जिनकी भावनाओं को मैंने चोट पहुंचाई है. जो भी मैंने बातें कहीं है मेरा बिल्कुल मतलब नहीं था. मैं बस यही कहना चाहूंगी कि गलती इंसान से होती है और मैं भी एक इंसान हूं और मुझ से बहुत बड़ी गलती हो गई है. इसके लिए मैं शर्मिंदा हूं और सभी से माफी मांगती हूं.

# बाहुबली ने मुझे बहुत ज्यादा बहादुर बनाया है: तमन्ना भाटिया



ऐक्ट्रेस तमन्ना भाटिया की इस साल अब तक 2 फिल्में रिलीज हो चुकी हैं। वह हर भाषा और जॉनर की फिल्में कर रही हैं। इससे पहले तमन्ना सुपरहिट फिल्म बाहुबली में प्रभास के ऑपोजिट नजर आई थीं। उनका कहना है कि बाहुबली के कारण वह केवल फिजकली ही नहीं बल्कि अपनी जिंदगी में फैसले लेने में भी काफी बहादुर बनी हैं।

इस साल तमन्ना की तेलुगू फिल्म एफ2 फन ऐंड फ्रस्ट्रेशन और तमिल फिल्म कन्ने कलाइमाने रिलीज हो चुकी हैं। इसके अलावा देवी 2, दैट इज महालक्ष्मी और से रा नरसिम्हा रेड्डी भी इस साल रिलीज होने के लिए तैयार हैं। इसके साथ ही उन्होंने तमिल और तेलुगू भाषा की 2 फिल्में भी साइन की हैं। हिंदी फिल्मों के बारे में तमन्ना ने बताया, मैं अभी किसी भी हिंदी फिल्म में काम नहीं कर रही हूं। मैं हिंदी फिल्मों में ज्यादा काम करना चाहती हूं लेकिन मैं यूं ही कोई फिल्म नहीं करूंगी सिर्फ इसलिए क्योंकि वह हिंदी भाषा में है। मैं केवल अच्छी फिल्मों का पार्ट ही बनना चाहती हूं। तमन्ना और चिरंजीवी स्टारर फिल्म से रा नरसिम्हा रेड्डी हिंदी में भी रिलीज होगी और इसमें मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने एक मेहमान भूमिका भी निभाई है। अब 29 साल की हो चुकीं तमन्ना भाटिया ने तमिल, तेलुगू के अलावा हिंदी और कन्नड़ फिल्मों में भी काम किया है। एसएस राजमौली की सुपरहिट फिल्म बाहुबली से तमन्ना को पूरे भारत में मजबूत पहचान मिली है। उन्होंने इस फिल्म के बारे में बात करते हुए कहा, मैं ऊंचाई से बहुत डरती थी। चूंकि बाहुबली में मुझे बहुत सारे स्टंट करने थे इसलिए मैं इस फिल्म के कारण फिजिकली काफी फिट हो गई। इस फिल्म के बाद लोग केवल मुझे कमर्शल हिरोइन से बढ़कर देखने लगे। मैं अब अलग-अलग तरह की फिल्में और रोल्स करना चाहती हूं।